भारत सरकार

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 785

दिनांक 26 जुलाई, 2024 को उत्तर के लिए

वन-स्टॉप केंद्रों की प्रभावशीलता

785. श्री गौरव गोगोई:

क्या **महिला एवं बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगी कि :-

(क) क्या सरकार ने हिंसा से पीड़ित महिलाओं को सहायता प्रदान करने में वन-स्टॉप केंद्रों (ओएससी) की प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए हाल ही में कोई मूल्यांकन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या परिणाम रहे हैं;

(ग) ओएससी में सेवाओं का लाभ उठाने वाली महिलाओं की संख्या राज्य-वार कितनी है तथा उन्हें प्रदान की जाने वाली सेवाओं का प्रकार क्या है और उनके कल्याण और सुरक्षा पर इसका क्या प्रभाव पड़ा है; और

(घ) देश में संचालित ओएससी की राज्य-वार संख्या कितनी है?

उत्तर

महिला एवं बाल विकास मंत्री

(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क) और (ख): वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) योजना सहित मंत्रालय की योजनाओं का तृतीय पक्ष मूल्यांकन नीति आयोग के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान किया गया था। अध्ययन में योजना की प्रासंगिकता, प्रभावकारिता और सततता संतोषजनक पाई गई।

(ग) और (घ): ओएससी हिंसा से प्रभावित और संकट ग्रस्त महिलाओं को निजी और सार्वजनिक दोनों स्थानों पर एक छत के नीचे एकीकृत सहयोग और सहायता प्रदान करते हैं और महिलाओं के खिलाफ किसी भी प्रकार की हिंसा से निपटने के लिए चिकित्सा, कानूनी, अस्थायी आश्रय, पुलिस सहायता, मनोवैज्ञानिक और परामर्श सहायता सहित कई सेवाओं तक तत्काल आपातकालीन और गैर-आपातकालीन पहुंच की सुविधा प्रदान करते हैं। दिनांक 31.05.2024 तक सहायता प्राप्त महिलाओं की संख्या के साथ राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कार्यशील ओएससी का विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है।

*****

अनुलग्नक

'वन-स्टॉप केंद्रों की प्रभावशीलता' के विषय में श्री गौरव गोगोई द्वारा दिनांक 26 जुलाई, 2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 785 के उत्तर के भाग (ग) और (घ) में संदर्भित अनुलग्नक

दिनांक 31.05.2024 तक सहायता प्राप्त महिलाओं की संख्या के साथ-साथ कार्यशील ओएससी का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	कार्यशील ओएससी की संख्या	दिनांक 1.4.2015 से 31.5.2024 के दौरान सहायता प्राप्त महिलाओं की कुल संख्या
1	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	3	1942
2	आंध्र प्रदेश	19	41085
3	अरुणाचल प्रदेश	25	2073
4	असम	36	20448
5	बिहार	38	36582
6	चंडीगढ़	1	1526
7	छत्तीसगढ़	27	43264
8	दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	3	1164
9	दिल्ली	11	17996
10	गोवा	2	6792
11	गुजरात	35	35500
12	हरियाणा	22	40459
13	हिमाचल प्रदेश	12	2478
14	जम्मू एवं कश्मीर	20	10900
15	झारखंड	24	4568
16	कर्नाटक	38	24633
17	केरल	14	19101
18	लद्दाख	2	65
19	लक्षद्वीप	1	0
20	मध्य प्रदेश	57	94166
21	महाराष्ट्र	42	30589
22	मणिपुर	16	1572
23	मेघालय	12	3464
24	मिजोरम	8	1346

25	नागालैंड	11	1284
26	ओडिशा	30	21891
27	पुद्दुचेरी	4	442
28	पंजाब	23	17115
29	राजस्थान	37	44428
30	सिक्किम	6	1409
31	तमिलनाडु	47	79643
32	तेलंगाना	36	63539
33	त्रिपुरा	8	719
34	उत्तर प्रदेश	79	237194
35	उत्तराखंड	14	7280
36	पश्चिम बंगाल	22	3055
	कुल	**785**	**919712**

****